संख्या-131/2021/766/41-2021-08(बजट)/2019

प्रेषक,

शिव पाल सिंह
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन, उ0प्र0
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग **लखनऊ, दिनांक, 17 फरवरी 2021**

विषय- मा0 मुख्यमंत्री घोषणान्तर्गत जनपद बहराइच में महाराजा सुहेलदेव स्मारक का निर्माण एवं चित्तौरा झील का विकास की परियोजनान्तर्गत मेमोरियल बिल्डिंग में इंटीरियर कार्यमद में विशिष्ट प्रकार के फर्नीचर कार्य एवं वाह्य विद्युतीकरण कार्य में प्रस्तावित विशिष्ट कार्यों की आवश्यकता औचित्य स्पेसिफिकेशन एवं लागत के परीक्षण हेतु समिति का गठन।

महोदय,

वित्तीय वर्ष 2020-21 में राज्य योजना के अन्तर्गत मा0 मुख्यमंत्री घोषणान्तर्गत जनपद बहराईच में गुल्लावीर में महाराजा सुहेलदेव जी की प्रतिमा के निकट मंच के सामने एक सभागार व एक स्मारक के निर्माण की परियोजना ***(परिवर्तित नाम- मा0 मुख्यमंत्री घोषणान्तर्गत जनपद बहराइच में महाराजा सुहेलदेव स्मारक का निर्माण एवं चित्तौरा झील का विकास)*** हेतु चयनित कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 द्वारा तैयार किये गये आगणन रू0-4361.79 लाख का व्यय वित्त समिति की बैठक दिनांक- 08 जनवरी 2021 में परीक्षण /मूल्यांकन कराये जाने के क्रम में प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा आंकलित /अनुमोदित लागत के अनुसार रू0 3949.06 लाख (रूपये उन्तालिस करोड उनचास लाख छह हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं रू0 593.00 (रूपये पांच करोड तिरानवे लाख मात्र) की वित्तीय स्वीकृति शासनादेश संख्या-104/2021/445/41-2021-08(बजट)/2019 दिनांक 08 फरवरी 2021 द्वारा निर्गत की गई है।

2- उक्त शासनादेश संख्या-104/2021/445/41-2021-08(बजट)/2019 दिनांक 08 फरवरी 2021 के प्रस्तर-4 के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि इस परियोजनान्तर्गत मेमोरियल बिल्डिंग में इंटीरियर कार्यमद में विशिष्ट प्रकार के फर्नीचर कार्य एवं वाह्य विद्युतीकरण कार्य में प्रस्तावित विशिष्ट कार्यों की आवश्यकता ,औचित्य, स्पेसिफिकेशन एवं लागत के परीक्षण हेतु निम्नवत् समिति गठित की जाती है -

प्रमुख सचिव, पर्यटन विभाग ,उ0प्र0, शासन।	अध्यक्ष
महानिदेशक, पर्यटन, उ0प्र0, लखनऊ	सदस्य सचिव
महाप्रबंधक (नोडल-पर्यटन) ,उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0,लखनऊ	सदस्य
वित्त नियंत्रक, कार्यालय महानिदेशक पर्यटन, उ0प्र0 ,लखनऊ	सदस्य

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

3- उक्त समिति व्यय वित्त समिति की बैठक दि0-8-1-2021 में की गई संस्तुति के अनुसार एवं शासनादेश संख्या-104/2021/445/41-2021-08(बजट)/2019 दिनांक 08 फरवरी 2021 के संगत प्राविधानों/ उपबंधों के अधीन कार्य करेगी।

भवदीय,

(शिव पाल सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या-131/2021/766/41-2021-08(बजट)/2019 तद्दिनॉक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3- मण्डलायुक्त देवीपाटन मण्डल/जिलाधिकारी , बहराईच।
4- मुख्य कोषाधिकारी ,जवाहर भवन, लखनऊ।
5- संयुक्त निदेशक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
6- वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
7- प्रबन्ध निदेशक / महाप्रबंधक(अयोध्या अंचल), उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, लखनऊ।
8- अपर परियोजना प्रबन्धक, उ0प्र0राजकीय निर्माण निगम लि0,मेडिकल कालेज इकाई ,बहराईच।
9- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7 उ0प्र0 शासन।
10- क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी अयोध्या।
11- वेब अधिकारी, पर्यटन विभाग ।
12- गार्ड-फाइल।

आज्ञा से,

(गिरिजापति द्विवेदी)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।